हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, सोमवार, 10 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 27 .0 डिग्री
न्यूनतम 4 .5 डिग्री

11 कर्म, भक्ति, ज्ञान और योग तभी सिद्ध होते हैं, जब हम एकाग्र रहते: जयपाल



12 आरटीए स्टाफ पर भारी पड़ रही सीएम फ्लाइंग, मैदान में उतरते ही पकड़े जा रहे ओवरलोड वाहन



## सेक्टरों में तारकोल की सड़कों का भी सुधार नहीं

# दो से तीन महीनों में ही पैचवर्क से ढकी जा रही नई सड़कों की खामियां

### शहर की कई सड़कों की बरसात के बाद मरम्मत में बरती जा रही ढील, गड्ढे कर रहे लोगों को परेशान

### मुख्य बाजार की सड़कों के लिए पिछले दिनों 4.32 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नगर परिषद की ओर से एक साल के अंतराल में बनाई गई नई सड़कें गुणवत्ता की कमी के कारण धराशाही हो चुकी है। करोड़ों रुपये की लागत से बनी इन सड़कों के निर्माण पर बार-बार सवाल उठ रहे है। पिछले दिनों विजिलेंस की टीम ने मॉडल टाउन, सेक्टर-3 व वार्ड नंबर-2 की नई सड़कों के सेंपल भी लिए थे तथा हाल ही में सेक्टर-1 सहित कई सड़कों के सेंपल भी लिए जा चुके है। सेंपल लेने के बाद भी सड़कों की गुणवत्ता को लेकर कार्रवाई नहीं की जा रही है। करीब साढे पैतीस लाख रुपये लागत की नेहरू पार्क से सेक्टर-1 श्मशान घाट तक की सड़क के चार महीने में ही कई जगह से टूटने पर पैचवर्क भी किया जा चुका है। राशि खर्च की गई। इसके अलावा बावल रोड से मॉडल टाउन की गुरु चौक होते हुए ओल्ड ऐज होम तक की सड़क भी बिखरने लगी है। वहीं ब्रास मार्केट की ब्रह्मगढ़ परिसर के सामने की सड़क पर दो महीने में ही जगह-जगह पैचवर्क किया जा चुका है। यह सड़क सीएम घोषणा के तहत बनाई गई थी, जबकि ब्रास मार्केट में अभी पूरा कार्य भी नहीं हुआ है।



रेवाड़ी। ब्रास मार्केट के नए सीसी रोड की उखड़ी परत। फोटो : हरिभूमि



**सेक्टर-3 में तारकोल की सड़क पर हुए गड्ढे**

### लंबे समय से जर्जर हालत में सेक्टरों की सड़कें

शहर की नई सड़कों के बनते ही रोड़ियां निकलने का कारण गुणवत्ता की कमी होना है। नगर परिषद की ओर से टेंडर देने के बाद सड़क निर्माण कार्य ठेकेदार के भरोसे ही छोड दिया जाता है तथा अधिकारियों की ओर से सड़क निर्माण कार्य की देखरेख तक नहीं की जाती है। सड़क के टूटने के बाद ठेकेदार की ओर से पैचवर्क करके खामियों को ढक दिया जाता है। नगर परिषद की ओर से सेक्टर-3, सेक्टर-4 व सचिवालय के सामने तारकोल की नई सड़कों पर कई बार पैचवर्क हो चुका है। वर्तमान में ये सड़कें लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी हुई है, लेकिन विभाग की ओर से इनका सुधार तक नहीं किया जा रहा है।



रेवाड़ी। सेक्टर-3 में तारकोल की सड़क की निकली रोड़ियां। फोटो : हरिभूमि

### बाजार की सड़कों का अटका पड़ा कार्य

*मुख्य बाजार की सड़कों के लिए पिछले दिनों 4.32 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली थी, जिसके बाद नगर परिषद की ओर से दीपावली से पहले अग्रसेन चौक से भाड़ावास गेट तक ही सड़क ही बनाई गई है, जिसमें भी मेनहोल का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। नप की ओर से भाड़ावास गेट से मोती चौक व गोकल गेट होते हुए झज्जर चौक तक सीसी रोड बनाया जाएगा। इसी योजना में पुरानी सब्जी मंडी से बारा हजारी तक का भी सीसी रोड का निर्माण होगा तथा गोकल गेट से रेलवे चौक तक सीसी रोड बनाया जाएगा। बाजार की सड़क का निर्माण वर्तमान में बंद पड़ा हुआ है।*



रेवाड़ी। ब्रास मार्केट के नए सीसी रोड पर किया गया पैचवर्क। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### स्पा सेंटर का सामान भी लिया कब्जे में

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर कसोला के चौक के पास स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ करने के बाद मैनेजर के कब्जे से काफी सामान बरामद किया है। सेंटर पर रेड करने के दौरान पुलिस ने राजस्थान के रायसिंहपुरा निवासी अमरसिंह को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन, 4150 रुपये व एक क्यूआर कोड स्कैनर भी पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस स्पा सेंटर के संचालक को काबू करने के प्रयास कर रही है।

### घरेलू हिंसा के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस ने घरेलू हिंसा के तहत दर्ज किए गए मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को दर्ज शिकायत में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। दोनों पक्षों में बातचीत सिरे नहीं चढ़ने के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ 5 अक्टूबर को केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के कान्हड़का की ढाणी निवासी दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। कई बार काउंसलिंग कराने के बाद भी बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 21 जून को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने फरीदबाद के अलीपुर निवासी जगदीप को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बिजली गुल रहने से ग्रामीण परेशान

**कुंड।** क्षेत्र के गांवों में बिजली के अघोषित कटों ने लोगों को परेशान किया हुआ है। ढाणी जरावता निवासी अनिल, विवेक, सुक्रमपाल, अजीत, दरियाव सिंह व राकेश आदि ने बताया कि रात के समय गांव में बिजली गुल हो जाती है। इसके बाद घंटों बिजली नहीं आती। ग्रामीणों को बिजली के बना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कृषि क्षेत्र की बिजली भी लाइन फाल्ट होने के कारण बाधित होती रहती है। ग्रामीणों ने निगम अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि उन्हें परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### जर्जर सड़क का निर्माण कराने की मांग

**डहीना।** निमोठ गांव से महेंद्रगढ़ जिले के गांव कपूरी को जोड़ने वाली सड़क कई दिनों से बदहाल बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। विनोद, अनिल, कालूराम, अमित, गौरव व पिंकी आदि ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क का निर्माण कनीना मार्केटिंग बोर्ड ने कराया था। सड़क का अधिकांश हिस्सा रेवाड़ी जिले में होने के कारण कनीना मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारी टूटी सड़क का निर्माण नहीं करा रहे हैं। इससे कई गांवों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कोसली क्षेत्र के गांव से महिला बेटे सहित लापता

**कोसली।** कोसली क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने अपनी पत्नी व बेटे की गुमशुदगी का मामला कोसली थाने में दर्ज कराया है। टैक्सी चालक ने नाहड़ चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार को अपने घर आया तो पत्नी व आठ वर्षीय पुत्र घर से गायब थ। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास व रिश्तेदारी में पता किया, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल पाया।

# कीर्ति ने आईपीएस बनकर किया क्षेत्र का नाम रोशन, किशनगढ़ में हुआ स्वागत

- कीर्ति ने दिल्ली कैडर का चुनाव करते हुए डीसीपी रैंक हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले के गांव किशनगढ़ निवासी कीर्ति यादव ने आईपीएस बनकर अपने परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कीर्ति ने दिल्ली कैडर का चुनाव करते हुए डीसीपी रैंक हासिल किया है। कीर्ति यादव ने बताया कि उन्होंने 2020 में असिस्टेंट कमांडर सीआईएसएफ पद प्राप्त किया। उसके बाद 2023 में इंडियन फॉरेनर सर्विस में नौकरी मिली। कीर्ति ने बताया उनके पिता भारतीय वायुसेना में नौकरी करते थे,उन्हीं से प्रेरणा लेते हुए दनका 2023 में भारतीय पुलिस में चयन हुआ।



रेवाड़ी। कीर्ति यादव का सम्मान करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया

भारतीय वायु सेवा से हाल ही में सेवानिवृत हुए कीर्ति के पिता प्रताप सिंह ने बताया की उनके तीन बेटियां ही हैं और उन्होंने बेटा और बेटी में कोई फर्क न करते हुए उन्हें अच्छी शिक्षा प्रदान की। प्रताप सिंह ने बताया कीर्ति शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही और वह देश की सेवा करना चाहती थी। प्रताप सिंह भारतीय वायुसेवा में मास्टर वारंट ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त है और कीर्ति की माता ग्रहणी है। कीर्ति के पति भी सीआईएसएफ में डिप्टी कमांडर के पद पर आसीन हैं। रविवार को गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने कीर्ति यादव का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर पार्षद सरोज , पार्षद प्रतिनिधि धनीराम, सरपंच कुसुम लता, प्रीति, मोहर सिंह, तुलाराम, संजय, दीपचंद, रामनारायण, योगेश व दीनदयाल आर्य सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पुलिस का ऑपरेशन ट्रैक डाउन, इनामी बदमाश काबू

- कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया गया
- आरोपी पर पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सीआईए धारूहेड़ा ने ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत गाड़ी चालक का अपहरण कर लूट की वारदात को अंजाम देने के आरोपी इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी पर पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। मुरादपुरी निवासी हरीश ने कसोला थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह



रेवाड़ी। सीआईए धारूहेड़ा की गिरफ्त में इनामी बदमाश। फोटो : हरिभूमि

7 मई की रात होटल पर खाना खाने के बाद अपने घर आ रहा था। स्कॉर्पियो गाड़ी को कुछ दूरी पर खड़ी करने के बाद वह घर के लिए चला, तो उसे लगा कि गाड़ी का लॉक खुला रह गया है। वह चेक करने के लिए गाड़ी के पास पहुंचा तो वहां तीन-चार लोग खड़े हुए थे। इन लोगों ने उसे उसकी ही गाड़ी में डाल लिया। इसके बाद उसके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया। उससे यूपीआई का पिन नंबर पूछकर उसके बैंक खाते से पैसे ट्रांसफर कर लिए। जेब से भी 13 हजार निकाल लिए गए। इसके बाद आरोपी उसे सुनसान जगह पर गाड़ी से उतारकर गाड़ी व उसमें मौजूद कागजात लेकर फरार हो गए। कसोला पुलिस ने उसकी शिकायत पर 20 मई को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस को जानकारी मिली थी कि वारदात में राजस्थान के कोटपुतली-बहरोड़ के गांव गंडाला निवासी कर्मवीर उर्फ मोनू मुख्य रूप से शामिल है। उसके खिलाफ कई अन्य आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। पुलिस ने उस पर 5 हजार रुपये का इनाम रखा था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी कर्मवीर उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया।

### कई राज्यों में दर्ज हैं आपराधिक केस

*पुलिस पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई है कि कर्मवीर उर्फ मोनू के खिलाफ यूपी के इटावा, राजस्थान के मांढण, हरियाणा के गुरूग्राम, नारनौल व रेवाड़ी में आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें लूट, मारपीट, हत्या के प्रयास व एक्साइज एक्ट के तहत मामले शामिल हैं। पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। मामले के अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।*

### रथ यात्रा में उमड़ी भीड़, आकर्षण का केंद्र बनी ऑपरेशन सिंदूर की झांकी



**रेवाड़ी।** दिगम्बर जैन समाज की आरे से रविवार को वार्षिक रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। शहर के बाजारों व मुख्य मार्गो से निकाली गई समाज की रथ यात्रा में लोगों की भारी भीड़ रही। भगवान के सुसज्जित रथ के साथ श्रद्धालु भजन-गीत गाते हुए नृत्य कर रहे थे, यात्रा में जैन समाज की शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों की ओर से झांकियां भी शामिल की गई। झांकियों में जैन पब्लिक स्कूल की ओर से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पेश की गई झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। रथ यात्रा में भजन गायकों व कलाकारों ने समां बांधा। यात्रा के दौरान मार्गो पर जाम की स्थिति भी बनी रही। यात्रा के दौरान पुलिसकर्मी भी तैनात रहे। रविवार सुबह शहर के जैनपुरी मौहल्ले से शुरू हुई रक्ष यात्रा प्रमुख बाजारों से होते हुए नसियाजी पहुंची। नसियाजी में भगवान का अभिषेक करतल ध्वनि के साथ किया गया।

### गायक कलाकारों व म्यूजिशियनों ने किया कार्यक्रमों में झांकियों का बहिष्कार

**रेवाड़ी।** रविवार को दिल्ली रोड स्थित उत्तम नगर हनुमान मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शहर में जागरण, सुंदरकांड दरबार, साउंड व म्यूजिशियन सहित गायक कलाकार शामिल थे। इस मौके पर कार्यक्रमों झांकियों का मंचन करने वाले कलाकारों के विरोध में निर्णय लिया कि वे बिना झांकी के जागरण सहित सभी कार्यक्रम करेंगे और न ही उनका सहयोग करेंगे। सभी ने झांकियों का मंचन करने वाले कलाकारों को बहिष्कार किया है। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी के बाहर से भी कोई झांकी ग्रुप आता है तो उसका भी विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय 16 नवंबर से लागू होगा। इस मौके पर पंडित त्रिलोकचंद शर्मा रामायणी, संजय सैनी, गोविंद पंडित, महेश, प्रदीप, सुंदर, जगदीश, गोपाल वर्मा, अनिल ठक्कर, जोनी, सुरेन्द्र व जितेन्द्र सहित अनेक कलाकार मौजूद थे।



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित कलाकार व भजन गायक। फोटो : हरिभूमि

## हवा की रफ्तार कम होते ही बढ़ने लगा एक्यूआई, आसमान में फिर छाने लगी धुएं की चादर

# अब दिन में भी ठंड का असर बढ़ना शुरू, प्रदूषण का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नवंबर माह के दूसरे सप्ताह में ठंड का असर दिन में भी बढ़ना शुरू हो गया है। तापमान में गिरावट से ठिठुरन का असर शुरू हो गया है। मौसम में बदलाव के बाद प्रदूषण की समस्या गहराने लगी है। हवा की गति कम होते ही एक्यूआई बढ़ना शुरू हो गया है। सप्ताह के पहले ही दिन सोमवार को आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं, जिससे दिन के समय ठंड कंपकंपी छुड़ाना शुरू कर देगी। बीत सप्ताह मौसम लगभग साफ बना रहा। इसके बावजूद रात के तापमान में लगातार कमी दर्ज की गई। रात के समय ठंड का असर बढ़ गया। अब दिन में भी ठंड का असर बढ़ रहा है। रविवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप खिलने के बाद भी अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 27.0 डिग्री पर आ गया। इससे दिन में लोगों को गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस हुई। रात का तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 4.5 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम लगातार कड़ाके की ठंड की ओर अग्रसर हो रहा है, जिससे लोगों को गर्म कपड़ों की दरकार होने लगी है। गर्म कपड़ों का बाजार ठंड के साथ गर्माना शुरू गया है। स्वेटर से लेकर जैकेट व जूतों तक की डिमांड बढ़ने लगी है, जिससे दुकानदार खुश नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार एक विक्षोभ की सक्रियता के चलते 10 नवंबर को आंशिक बादल छा सकते हैं। बरसात की अभी कोई संभावना नहीं है, लेकिन बादल छाने से ठंड का असर जरूर बढ़ जाएगा। नवंबर के दूसरे पखवाड़े तक ठंड अपने रंग में आने लगेगी।



रेवाड़ी। एक खेत में फव्वारों से की जा रही सरसों की सिंचाई। फोटो : हरिभूमि

### एक्यूआई में फिर से वृद्धि होना शुरू

ठंड बढ़ने के कारण हवा में नमी का स्तर भी बढ़ना शुरू हो गया है। हवा की गति 10 किमी प्रति घंटा की रहने व नमी 45 प्रतिशत तक बनने से रविवार को सुबह से ही प्रदूषण छाया रहा। आसमान में धुएं की चादर बनी रही। धारूहेड़ा का एक्यूआई बढ़कर 250 के आसपास पहुंच गया। ठंड बढ़ने के साथ-साथ एक्यूआई भी बढ़ेगा, जिससे लोगों को आने वाले दिनों में प्रदूषण की समस्या का सामना करना पड़ेगा।

### सरसों की फसल मांग रही सिंचाई

मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क बना रह सकता है। ऐसे में सरसों की अगेती फसल को सिंचाई की जरूरत महसूस होने लगी है। दोपहर के समय खेतों में सरसों की अगेती फसल मुरझाने लगती है। किसान फसल सिंचाई पर पूरा जोर दे रहे हैं। गेहूं की बिजाई के लिए जमीन की सिंचाई के चलते उन्हें सरसों की फसल में पानी देने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



### सुपर-30 स्कॉलरशिप टेस्ट का हुआ आयोजन

**कोसली।** आरपीएस स्कूल कोसली में रविवार को विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सुपर-30 स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। परीक्षा में आरपीएस सहित आसपास के क्षेत्रों के अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। प्राचार्या अंजू ने बताया कि स्कॉलरशिप टेस्ट जैसी पहल से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के संचालन में विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों का योगदान रहा।



# 5 दिसंबर को रिलीज होगी स्पाई थ्रिलर एक्शन फिल्म धुरंधर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म धुरंधर इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक और पोस्टर जारी किया है। । 'धुरंधर'5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा कुछ तो सामने नहीं आया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। मेकर्स ने फिल्म से अर्जुन रामपाल के फर्स्ट लुक के बाद अब आर माधवन का लुक भी जारी कर दिया है। इस फर्स्ट लुक में आर माधवन को कर्म के सारथी के रूप में दिखाया गया है।

लाइफ Style

# शेफाली

## वर्दी पहनते ही एकदम बदल जाती है चाल



जानी-मानी अदाकारा शेफाली शाह ने यूं तो अपने कॅरियर की शुरुआत टीवी से की। फिर सत्या, मॉनसून वेडिंग, दिल धड़कने दो और वक्त जैसी फिल्मों के लिए चर्चा में रहीं, लेकिन उनकी एक्टिंग का असली दमखम दिखा ओटीटी पर।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जब वह एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में मैडम सर यानी एसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में नजर आईं। इसके बाद तो वह ह्यूमन, डार्लिंग्स, जलसा और थ्री ऑफ अस जैसी हर फिल्म, हर सीरीज से दर्शकों के दिल में अपनी छाप मजबूत करती गईं। 'दिल्ली क्राइम 2' के लिए प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड जीतने वाली शेफाली अब इसके तीसरे सीजन में लौटी हैं। जाहिर है यह शो उनके लिए बेहद स्पेशल है। वह कहती हैं कि उन्हें इस शो और किरदार से बेहद प्यार है। शेफाली बताती हैं, 'मेरा एक्साइटमेंट तभी शुरू होता है, जब मुझे पता चलता है कि इस शो का नया सीजन आ रहा है। मुझे इस शो और मैडम सर से प्यार है। हालांकि, जब सेट पर जाने का वक्त आता है तो मेरा टेंशन, स्ट्रेस सब बढ़ जाता है। ऐसा लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता, लेकिन जब मैं उसके जूते में पैर रखती हूं, मेरी चाल बदल जाती है। वह यूनिफॉर्म पहनते ही मुझमें अचानक एक चौड़ आ जाती है। वैसे, यह इमोशनली आपको सुखा देने वाला शो है। बहुत इंटेंस शो है। मैंने तीन सीजन कर लिए, मगर कभी भी ऐसा नहीं लगा कि सबकुछ आसान है। मैं सब आसानी से कर रही हूं, क्योंकि हर बार अलग केस है तो उनका रिएक्शन अलग होगा।

हॉलीवुड मसाला



# सबसे अधिक नौ नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के नॉमिनेशंस का ऐलान हो गया है। इसमें रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नॉमिनेशन मिले हैं। लिस्ट में लेडी गागा से लेकर जस्टिन बीबर तक का नाम है, लेकिन टेलर स्विफ्ट को एक भी नॉमिनेशन नहीं मिला है। अगले साल 1 फरवरी, 2026 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो.कॉम एरिना में यह पुरस्कार दिए जाएंगे। शुक्रवार को ऐलान हुए ग्रैमी नॉमिनेशन में रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नामांकन मिले हैं।



# फिर से करेंगी वकील बनने की तैयारी...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन इन दिनों वकील बनने की तैयारी कर रही हैं। किम कार्दशियन ने हाल ही में अपनी कैलिफोर्निया बार परीक्षा के परिणाम के बारे में बताया, जिसमें वो असफल हो गई हैं। हालांकि इस हार से वो परेशान नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई करेंगी और इस परीक्षा को दोबारा देंगी। किम कार्दशियन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। उन्होंने कहा, 'मैं अभी वकील नहीं हूं, बस टीवी पर अच्छे कपड़े पहनकर वकील का किरदार निभाती हूं। इस वकालत के सफर में छह साल हो गए हैं, जब तक मैं बार की परीक्षा पास नहीं कर लेती, मैं पूरी तरह से इसमें लगी हुई हूं। कोई शॉर्टकट नहीं, कोई हार नहीं बस और ज्यादा पढ़ाई और और भी ज्यादा दृढ़ संकल्प की जरूरत है।'



# जूडी हॉप्स के किरदार को हिंदी में दी आवाज


**मुंबई।** श्रद्धा कपूर हॉलीवुड फिल्म 'जूटोपिया 2' के कारण चर्चा में हैं। वो इस फिल्म के सबसे प्यारे किरदार जूडी हॉप्स की आवाज बनेंगी। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है और फैंस को खूब पसंद भी आ रहा है। ये फिल्म इसी महीने थिएटर्स में रिलीज होने के लिए एकदम तैयार है। 'जूटोपिया 2' के ट्रेलर से पता चलता है कि जूडी और निक की कहानी एक बार फिर रोमांचक, मजेदार और दिल को छू लेने वाली होगी। जूटोपिया की इस रंगीन दुनिया में इस बार नए चैलेंज, समझदारी भरा ह्यूमर और वही खास इमोशनल गहराई है, जिसने पहली फिल्म को दुनिया भर में हिट बनाया था। फिल्म में हिंदी में श्रद्धा कपूर ने जूडो को आवाज दी है। फैंस ने कहा कि एक्ट्रेस की आवाज जूडी हॉप्स के किरदार में बिल्कुल सही बैठती है।



# बीएसएफ की जम्मू मैराथन में हुए शामिल...

**मुंबई।** बीएसएफ की जम्मू मैराथन में प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाने के लिए अभिनेता सुनील शेट्टी भी पहुंचे हैं। वह मैराथन इवेंट को लेकर उत्साहित दिखे। साथ ही अभिनेता ने बताया कश्मीर में आने वाले दिनों में फिल्मों की शूटिंग हो सकती है। सुनील ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'लोग मुझे फिल्म 'बॉर्डर' में निभाए भैरों सिंह (आर्मी ऑफिसर) के किरदार की वजह से पहचानते हैं। यह जम्मू में मेरी पहली मैराथन है। उम्मीद है कि आगे भी कई मैराथन होंगी। मेरी कोशिश हर बार आने की रहेगी।'अभिनेता ने बीएसएफ के साहस, देश की सीमाओं की रक्षा में उनके योगदान को भी सराहा। आगे सुनील शेट्टी कहते हैं, 'कश्मीर में हुई मैराथन में भी में गया हूं। जल्द ही विक्रम राजदान, शब्बीर बॉक्सवाला और एक दोस्त बिनॉय गांधी हैं, जो इसी साल कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे।

टीवी मसाला



# सलमान ने दिखाया मृदुल का असली चेहरा, सुनते ही उड़ गए होश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में फरहाना भट्ट बुरी तरह टूट चुकी हैं। वीकेंड का वार में सलमान खान ने उनकी कही हर बात से उनका सामना कराया। साथ ही फरहाना ने शो पर माफी भी मांग कि उन्होंने जो कहा उसके लिए वह पछता रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी कहा कि क्या मैं इतनी बुरी हूं। लेकिन, मृदुल की तो सलमान खान ने खूब क्लास लगाई। जैसे-जैसे फिनाले करीब आ रहा हैं।शो में सभी लोगों का अलग रूप देखने को मिल रहा हैं। जहां गौरव खन्ना का फरहाना पर गुस्सा फूटा वहीं, मृदुल का भी एक अलग रूप घर में अब नजर आने लगा हैं। मृदुल को तो सलमान ने चेतावनी तक दे डाली हैं। वीकेंड के वॉर में सलमान ने बताया कि कैप्टेंसी टास्क के दौरान मृदुल ने फरहाना को ऐसा धक्का मारा कि वह अनबैलेंड हो गईं। इसके बाद तो कुछ ऐसा हुआ कि वह शो में दिखाया ही नहीं गया। वो सीन महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कैटेगरी में आता था। सलमान ने उसी बात को याद करते हुए, 'टास्क के दौरान मृदुल ने एक लड़की को इस तरह धकेला कि वह और कोहनी मारी कि हम वो वीडियो एपिसोड में डाल ही नहीं पाए। क्योंकि, यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानी जाती हैं।'सलमान खान ने अपनी बातचीत में मृदुल से कहा कि ने उन्होंने फरहाना को धमकी भी दी थी अगर दोबारा तुमने मुझे धक्का मारा तो मैं तुम्हें खींचकर मारूंगा। इसके बाद सलमान ने उन्हें चेतावनी भी दी कि 'अगली बार ऐसा कुछ करना, करके देख लेना मृदुल। एक बार आप ऐसा करके देखों फिर देखों क्या होता है। अगर जो दिख रहा है वो तुम हो तो शो के शुरुआत में जो मासूम दिख रखा था, वो क्या था?

## 'तारक मेहता' में 8 साल बाद होगी टप्पू की वापसी!

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे लोकप्रिय और लंबे समय से चल रहा शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा



का विषय एक्टर भव्य गांधी हैं। उनके किरदार टप्पू की आज भी बात होती है और उनके शो में वापस आने की खबरें जोरों पर बैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भव्य ने शो में अपनी वापसी को लेकर एक अहम बयान दिया, जिससे फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। भव्य गांधी ने 2008 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में टप्पू के किरदार से एंट्री की थी। अपनी मासूमियत और एक्टिंग से उन्होंने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। वह लगभग 7 साल तक शो का हिस्सा रहे और 2017 में शो को अलविदा कह दिया। उनके जाने से दर्शक काफी निराश हुए, क्योंकि टप्पू का किरदार शो की जान माना जाता था। भव्या के जाने के बाद पहले यह रोल राज अनादकट ने निभाया था और अब नितेश भुलानी निभा रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शो में वापसी करना चाहेंगे, तो भव्य ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, क्यों नहीं? मैं जरूर शो में वापसी करना चाहूंगा। अगर मैं वापस लौटता हूं, तो यह मेरी लाइफ का क्लोजर होगा।'

# अनुष्का की 'चकदा एक्सप्रेस' से 7 साल बाद पर्दे पर वापसी

**मुंबई।** साल 2018 में आई 'जीरो' के बाद बड़े पर्दे से दूर रहीं अनुष्का की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' एक बार फिर चर्चा में आ गई है। दरअसल, खबर है कि निर्माताओं ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की गुजारिश की है। उनका कहना है कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी पर बनी ये बायोपिक दर्शकों तक पहुंचनी चाहिए और किसी विवाद या अड़चन से ऊपर उठकर फिल्म को रिलीज किया जाना चाहिए। बॉलीवुड की वो खूबसूरत अदाकारा जिसकी पहली ही फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। एक्ट्रेस ने शाहरुख खान के साथ फिल्मी पर्दे पर कदम रखा था। इस हसीना के कॅरियर की पहली ही फिल्म यशराज बैनर्स तले बनी थी जो बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस का ख्वाब होता हैं। एक्टिंग के बाद उन्होंने प्रोडक्शन में किस्मत आजमाई और वहां भी खूब सफलता हासिल की, लेकिन कॅरियर के पीक पर हसीना ने शादी कर फिल्मों से लंबा ब्रेक ले लिया और अब 7 साल बाद उनके कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ये खूबसूरत अदाकारा जिसकी आज बात कर रहे हैं वो अनुष्का शर्मा हैं।



***सलमान , शाहरुख और आमिर के साथ दीं फिल्में :*** साल 2010 में एक्ट्रेस रजनीश शर्मा की फिल्म बैंड बाजा बारात में रणवीर सिंह के साथ नजर आई थीं। अनुष्का और रणवीर की केमिस्ट्री को फिल्म में काफी पसंद किया गया और दूसरी ही फिल्म सेउनके कॅरियर ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी। एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अनुष्का ने कुछ ही समय में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े स्टार सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ फिल्में दीं। एनएच 10, सुल्तान, पीके, संजू, सुई धागा, परी जैसी फिल्मों की सफलता से अनुष्का शर्मा ने दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस को टक्कर देकर टॉप हीरोइनों की बीच अपनी जगह बनाई।

***शादी के बाद फिल्मी पर्दे से चलीं गईं दूर :*** विराट कोहली के साथ परिणय सूत्र में बंधते ही अनुष्का फिल्मी पर्दे से धीरे-धीरे दूर होती चलीं गईं। उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। कपल ने साल 2021 में अपनी पहली बेटी वामिका का स्वागत किया और पिछले साल दोनों ने अपने दूसरे बच्चे अकाय का स्वागत किया। अब 7 साल पर्दे से दूर रहने के बाद एक बार फिर अनुष्का शर्मा के कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# महेश बाबू और राजामौली की साथ में पहली फिल्म

**मुंबई।** महेश बाबू और राजामौली की साथ में एसएसएमबी 29 पहली फिल्म है और इसी वजह से फैंस का उत्साह चरम पर है। एस एस राजामौली बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्मों से भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला चुके हैं। वहीं, महेश बाबू साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक माने जाते हैं। दोनों का साथ आना फैंस के लिए किसी बड़े सिनेमाई त्योहार से कम नहीं है। इस फिल्म की पहली झलक 15 नवंबर को होने वाले ग्लोब ट्रॉटर इवेंट में दिखाई जाएगी। इस मेगा इवेंट के आयोजन की तैयारी जोरों पर है और फैंस के बीच काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह खास इवेंट हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित किया जाएगा, जहां देश-विदेश से मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री के बड़े चेहरे मौजूद रहेंगे। 'ग्लोब ट्रॉटर' को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े लॉन्च इवेंट्स में से एक बताया जा रहा है। फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा है कि सिर्फ सात दिन में शुरू होगा- भारत का सबसे ऐतिहासिक ग्लोबल लॉन्च इवेंट'। वहीं, सुपरस्टार महेश बाबू ने भी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए



लिखा- 15 नवंबर के लिए गिनती शुरू हो चुकी है, मिलते हैं एक ऐतिहासिक पल के साथ।' फिल्म एसएसएमबी 29 की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें महेश बाबू लीड रोल में नजर आएंगे, जबकि उनके साथ प्रियंका चोपड़ा फीमेल लीड के रूप में शामिल हैं। विलेन के रूप में पृथ्वीराज सुकुमारन का अहम किरदार रहेगा।


## 1999 में मिला गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड

# कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर कमाए थे 30 रुपए, अब उनके नाम हैं 5 नेशनल अवॉर्ड

### पिता थे मशहूर कवि

हम जिस अभिनेत्री की बात कर रहे हैं वह शबाना आजमी हैं। 18 सितंबर 1950 को हैदराबाद में जन्मी शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी एक मशहूर कवि और गीतकार थे। उनकी मां शौकत आजमी रंगमंच अभिनेत्री थीं। ऐसे रचनात्मक माहौल में पली-बढ़ीं शबाना अभिनय की ओर आकर्षित हुईं। समय के साथ, वह भारत की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। शबाना आजमी भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा हैं। अपने संघर्ष के दिनों में, उन्होंने एक बार अपने अभिनय संस्थान की तरफ से आयोजित एक चैरिटी अभियान में भाग लिया। यहां उन्होंने एक पेट्रोल पंप पर कॉफी बेची और अपनी पहली तनख्वाह के रूप में 30 रुपए कमाए।

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल हैं। आज वह लगभग 200 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन हैं। उनका ताल्लुक रचनात्मक घराने से रहा है। अपने संघर्ष के दिनों में उन्होंने कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर 30 रुपए कमाए थे।*



### अंकुर से की कॅरियर की शुरुआत

आजमी ने 1974 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' से अपने कॅरियर की शुरुआत की। पहली ही फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने अर्थ, खंडहर और पार में अपने अभिनय के लिए लगातार तीन वर्षों, 1982 से 1984 तक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया। 1999 में, उन्हें गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

### 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

पांच दशकों से भी ज्यादा के करियर में, शबाना आजमी ने कई भाषाओं और शैलियों की 150 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। अभिनय के अलावा, वह महिला अधिकारों की एक प्रमुख आवाज हैं। उनका वकालत का काम अक्सर उनकी कला से जुड़ा होता है। वह अपने मंच का उपयोग बदलाव लाने के लिए करती हैं।

### 200 करोड़ रुपए की संपत्ति

1984 में, शबाना ने दिग्गज गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर से शादी की। पहले जावेद की शादी अभिनेत्री और लेखिका हनी ईरानी से हुई थी। जावेद और हनी के दो बच्चे हैं, फरहान अख्तर और जोया अख्तर। इस जोड़े ने बच्चे न होने का फैसला किया। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शबाना आजमी की कुल संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह भारतीय सिनेमा में उनके प्रभाव और सफलता को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप



### रोटरी क्लब रॉयल्स ने शुरू किया स्वच्छता अभियान

**नारनौल।** रोटरी इंटरनेशनल की नई शाखा रोटरी क्लब रॉयल्स ने रविवार को शहर के सुभाष पार्क में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ नारनौल स्वस्थ नारनौल मिशन का प्रारंभ किया। प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन पवन कटारिया व रोटेरियन महेश सैनी की देखरेख में रोटरी क्लब रॉयल्स के समस्त पदाधिकारी व सदस्यों ने पार्क में सफाई की। रोटरी क्लब के प्रधान दिनेश भार्गव ने बताया कि रोटरी क्लब का मतलब ही जनसेवा का पर्याय है। सुभाष पार्क नगर का मुख्य सार्वजनिक पार्क है, जहां प्रतिदिन सुबह शाम सैकड़ों लोग घूमने व व्यायाम करने आते हैं। पार्क की सफाई का ध्यान रखना सभी कर्तव्य है।



### अनिल बने श्री चौरासिया ब्राह्मण सभा के प्रधान

**नारनौल।** श्री चौरासिया ब्राह्मण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से अनिल शर्मा बवानिया को समाज का अध्यक्ष चुन लिया गया। रविवार को आयोजित चुनावी बैठक अखिल भारतीय चौरासिया महासभा के अध्यक्ष सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें अनिल शर्मा एडवोकेट को जिला महेंद्रगढ़ की श्री चौरासिया ब्राह्मण सभा का अध्यक्ष, राजेश शर्मा को उपाध्यक्ष, देवीलाल शर्मा को महामंत्री व भूदेव शर्मा को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। निर्वाचन अखिल भारतीय चौरासिया महासभा के महामंत्री प्रदीप शर्मा, लेखा निरीक्षक सच्चिदानंद, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, रमेश शर्मा कासनी व राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद शर्मा तथा निवर्तमान जिला प्रधान पवन शुक्ला की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

### खुशी गर्ग ने शतरंज में लहराया परचम

**नारनौल।** राव बीरेंद्र सिंह स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जैनाबाद रेवाड़ी के खेल विभाग की ओर से इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटीए मीरपुर के अंतर्गत इंटर कॉलेज शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शहर की बेटी खुशी गर्ग पुत्री डॉ. मनोज गर्ग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो में से दो मैच जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय महिला कॉलेज की छात्रा खुशी गर्ग ने अपनी उत्कृष्ट रणनीति व एकाग्रता से सभी का दिल जीत लिया। अब खुशी गर्ग आगामी इंटर यूनिवर्सिटी शतरंज प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर देंगी।



# कई वर्षों से रेड लाइट खराब, दिनभर अव्यवस्था ट्रैफिक से हादसे की आशंका

**नप ने पहली बैठक में शहर में 6 जगह ट्रैफिक लाइट लगाने पर बनाई थी सहमति, दो साल बाद भी धरातल पर नहीं उतरी योजना**

**खास बातें**
- पुलिस के कर्मचारी व्यवस्था बनाए रखने को परेशान
- रेड लाइट खराब होने के कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए नगर पालिका ने शहर में दो जगह रेड लाइट लगवाई गई थी। करीब डेढ़ दशक से भी अधिक समय पहले लगाई गई रेड लाइट शो पीस बनी हुई हैं। यह बात अलग है कि जब यह लाइट लगाई गई थी, उसके बाद करीब सालभर ही चली होगी। बावजूद इसके आज तक जिला प्रशासन व नपा अधिकारी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। दूसरी तरफ रेड लाइट खराब होने के कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा रहीं है। जिसके कारण शहर में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेड लाइट चालू नहीं होने के कारण चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस के दो से तीन कर्मचारी तैनात होते हैं। अगर इन दोनों चौराहों पर रेड लाइट चालू हो जाती है तो इससे ट्रैफिक पुलिस का दबाव भी काफी कम हो जाएगा।

बता दें कि नपा ने शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए करीब डेढ दशक पूर्व राव तुलाराम चौक व माजरा चुंगी



पर ट्रैफिक लाईटें लगाई गई थी। ये लाइटें कुछ ही समय चल पाई। बाद में रखरखाव के अभाव में ये जल्दी ही खराब हो गई।

जिस समय ये लाइट ठीक थी, उस समय ट्रैफिक व्यवस्था का संचालन अच्छे से हो रहा था। वहीं शहर में ट्रैफिक भी कम ही था। मगर जैसे-जैसे शहर विकसित हुआ, वैसे-वैसे शहर में वाहनों की संख्या भी बढ़ने लगी। वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण अब शहर में तीन अन्य जगह सतनाली चौक, ब्रह्मदेव चौक व मसानी चौक के पास भी ट्रैफिक लाइट लगाने की जरूरत पड़ गई है। जबकि राव तुलाराम चौक व माजरा चुंगी के पास लगी वर्षो पुरानी लाईटों पर खराब ज्यादा हो जाने के कारण इनकों सुधारने की आवश्यकता है।

**लालबत्ती जरूरी**

*ट्रैफिक लाइट के अभाव में दिन भर ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारी ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में लगे रहते हैं। शहर में यातायात के बढ़ते दबाव के बाद यह जरूरी हो गया है कि प्रमुख चौराहों पर लालबतियों की व्यवस्था हो। समय के साथ शहर की आबादी इन दिनों दो गुनी हो गई है। ऐसे में शहर के कई चौराहों पर लालबत्ती की आवश्यकता हो गई है। शहर में आधे दर्जन से अधिक चौराहे ऐसे हैं, जहां लालबत्ती के अभाव में सड़क हादसे होने की आशंका बनी रहती है। शहर में इन दिनों माता मसानी चौक, कैंची मोड, सतनाली चौक, बालाजी चौक, राव तुलाराम चौक, माजरा चुंगी सहित अनेक चौराहे पर ट्रैफिक लाइट की आवश्यकता है। अगर इन चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लग जाती है तो शहर के लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात मिल सकेंगी।*

**नगर पालिका में प्रस्ताव हो चुका है पास**

नगर पालिका हाउस की पहली बैठक में दो साल पूर्व शहर में छह स्थानों पर ट्रैफिक लाइटें लगाने की योजना बनी थी। इसके लिए नपा की ओर से छह माह की समय-सीमा निर्धारित की गई थी। नगरपालिका की ओर से शहर के बालाजी चौक, माजरा चुंगी, रिवासा पुल, राव तुलाराम चौक, महाराणा प्रताप चौक, कैंची मोड़ पर ट्रैफिक लाइटें लगाने की योजना बनी थी, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते दो साल में ट्रैफिक लाइटें कागजों से बाहर नहीं आ पाई हैं। नगर पालिका की ओर से ट्रैफिक लाइटें लगाने के लिए निर्धारित किए गए इन छह स्थानों पर औसतन प्रतिदिन तीन हादसे हो रहे हैं। दादरी से महेंद्रगढ़ रोड पर माजरा चुंगी व रिवासा पुल से स्टेट हाईवे 148बी पर भारी यातायात रहता है।

**जल्द ही ट्रैफिक लाइटें लगवाई जाएंगी**

नगर पालिका की बैठक में शहर में छह स्थानों पर ट्रैफिक लाइटें लगवाने का प्रस्ताव किया जा चुका है। यह प्रक्रिया चल रही है। बजट का अभाव होने के कारण कुछ देरी हो सकती है। नगर पालिका का प्रयास रहेगा कि जल्द ही शहर में मुख्य चौक-चौराहों पर ट्रैफिक लाइटें लगवाई जाएं।

**–रमेश सैनी,** चेयरमैन नगरपालिका महेंद्रगढ़।

## किला रोड स्थित वरिष्ठ नागरिक संगठन कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित

# कैश अवार्ड देकर प्रतिभावान बच्चों व सामाजिक संस्थाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सेठ गणेशीलाल मैमोरियल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट ने वरिष्ठ नागरिक संगठन के सहयोग से किला रोड स्थित वरिष्ठ नागरिक संगठन कार्यालय में रविवार सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें कुरूक्षेत्र जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल मुख्य अथिति रहे। अध्यक्षता समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता बिजेंद्र कुमार संघी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य डा. पूर्णप्रभा, वरिष्ठ चिकित्सक डा. हेमन्त कुमार, वरिष्ठ फिजीशियन डा. सुरेन्द्र कुमार मित्तल रहे। इस समारोह में संस्था ने जिला के प्रतिभावान बच्चों और सामाजिक संस्थाओं को कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत सेठ गणेशीलाल मैमोरियल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान सूरज प्रकाश जैन सर्राफ ने बुक्के देकर



**नारनौल।** प्रतिभाओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि न्यायाधीश दिनेश मित्तल।

किया। अध्यक्ष का स्वागत संगठन के संरक्षक अजीत जैन, प्रधान दुलीचन्द शर्मा और उपप्रधान विजय सिंह यादव रहीश ने किया। मुख्य अतिथि दिनेश कुमार मित्तल ने कहा कि परिवार में बुजुर्गों का सम्मान होना चाहिए। उनके सामने ऐसे मामले आते हैं कि बच्चे अपने मां–बाप को अलग छोड़ देते हैं और उनकी जरा भी परवाह नहीं करते। न्यायाधीश ने कहा कि इसमे मां–बाप का भी दोष है कि वे मोहवश सारी जमीन–जायदाद अपने बच्चों के नाम कर देते हैं। इसलिए मां–बाप को भी बच्चों के प्रति मोह छोड़ना पड़ेगा। ट्रस्ट द्वारा विभिन्न प्रतिभावानों को दिए गए प्रतिभा सम्मान की सराहना की तथा कहा कि अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए कि वे जरूरतमंद की सहायता करें।

**इन प्रतिभाओं को मिला कैश अवार्ड**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सैकेन्डरी व सीनियर सेकेट्री परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं, स्थानीय महाविद्यालय/बहुतकनीकी संस्थान के खेलकूद, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, एनसीसी और एनएसएस क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों को 2100-2100 रुपये की राशि के साथ पुरस्कृत किया गया। स्पोर्ट्स विभाग के तीरंदाजी व जूडो खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान को भी 2100-2100 रुपये की राशि देकर मोमेंटो के साथ सम्मानित किया गया। पुरस्कृत होने वाले बच्चों की संख्या 27 रही। इसी प्रकार मैराथन दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र प्रीतम कुमार को 5100 रुपये की सहयोग राशि से सम्मानित किया गया। शहर की चारों गौशालाओं को 31000-31000 रुपये देकर व नीडी ग्रुप-नेकी की दीवार संस्था, रोटरी क्लब और हुडा सेक्टर आरडब्लूए के प्रधान को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए 11000-11000 रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के संचालक संजय शर्मा और युवा साथी ग्रुप के प्रधान टिंकू प्रधान को उनके विशिष्ट कार्यों के लिए 5100-5100 रुपये की सहयोग राशि देकर सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित**

*कार्यक्रम में राजकुमार यादव एडवोकेट, वासुदेव यादव, डा. कृष्णा आर्य, मदन गोगिया, भागीरथ प्रसाद, सुरेश भारद्वाज, सुरेश जांगिड़, बीएल सैनी, रोहतास लाम्बा, राजकुमार चौधरी एडवोकेट, विजयसिंह रहीश, मुखराम सैनी, मास्टर जयदयाल, शिवलाल वर्मा, हरिद्वारीलाल वर्मा, जसवंत सिंह यादव, बिशन सिंह यादव, प्रो. चन्द्रमोहन, प्रो. सिलोदिया, रामबिलास यादव, नरेंद्र धौलिया, भानी सहाय माण्डया, देवीदयाल, गणेश हरित, संजय शर्मा, भीमसेन शर्मा, चंद्रमोहन, टींकू प्रधान आदि के साथ काफी गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।*



**नारनौल।** कार्यशाला में भाग लेती टीचर्स। *फोटो : हरिभूमि*

## सूरज स्कूल में हैप्पी क्लासरूम पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

**खास बातें**
- इस कार्यशाला में रिसोर्सपर्सन नीलू जावला व डॉ. तरंग गौड़ ने शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण तकनीकों व कक्षा संचालन की आधुनिक विधियों की जानकारी दी
- उन्होंने शिक्षण प्रक्रिया में संवाद, सहयोग और सहानुभूति के महत्व पर विशेष बल दिया।

सूरज स्कूल नारनौल में शिक्षकों के लिए हैप्पी क्लासरूम विषय पर ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में रिसोर्सपर्सन नीलू जावला व डॉ. तरंग गौड़ ने शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण तकनीकों व कक्षा संचालन की आधुनिक विधियों की जानकारी दी। कार्यशाला का शुभारंभ प्रधानाचार्या ऋतु चहल की उपस्थिति में किया गया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक कुशल शिक्षक वही होता है, जो कक्षा को न केवल अनुशासित रख सके, बल्कि बच्चों के मनोविज्ञान को समझते हुए, उन्हें सीखने के लिए प्रेरित भी कर सके। रिसोर्सपर्सन ने विभिन्न गतिविधियों, समूह चर्चाओं व प्रायोगिक उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को यह समझाया कि कैसे सकारात्मक कक्षा वातावरण बनाकर विद्यार्थियों में सीखने की रुचि बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने शिक्षण प्रक्रिया में संवाद, सहयोग और सहानुभूति के महत्व पर विशेष बल दिया। अंत में प्रधानाचार्या ने रिसोर्सपर्सन का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के साथ साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

## प्रधानमंत्री की सोच भारत को खेल महाशक्ति बनाने की: धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भिवानी महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने और देश के नागरिकों में फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। उनकी इसी सोच को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा में आगे बढ़ा रहे हैं। सांसद रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव फिट युवा फॉर विकसित भारत के तहत आयोजित प्रतियोगिता के बाद नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विधायक ओमप्रकाश यादव ने भी संबोधित किया। इस मौके पर एसडीएम अनिरुद्ध यादव भी मौजूद थे।




**इन खिलाड़ियों ने हासिल की जीत :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में रविवार को आयोजित खेल महोत्सव में जिलेभर से आए खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना दमखम दिखाया। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान तनु, द्वितीय स्थान सपना व तृतीय स्थान गुंजन ने प्राप्त किया। वहीं लड़कों की 100 मीटर दौड़ में प्रथम मंजीत, द्वितीय कुशाल व तृतीय स्थान ईश्वर ने प्राप्त किया। लड़कियों की 1500 मीटर दौड़ में सपना प्रथम, सोनाली द्वितीय, गुंजन ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं लड़कों की 1500 मीटर में मोहित प्रथम, अजय द्वितीय, नितिन तृतीय स्थान प्राप्त किया। बॉक्सिंग लड़कों 46 किलोग्राम में प्रथम यश, द्वितीय साहिल, 51 से 54 किलोग्राम में यश प्रथम, आरव द्वितीय, बॉक्सिंग लड़कियों में 45 किलोग्राम में प्रथम जागृति, द्वितीय कीर्ति, 48 किलोग्राम में प्रथम इंदु, द्वितीय दीप्ति रही। हाई जंप गर्ल्स में प्रथम दिव्या, द्वितीय दीप्ति, तृतीय तनु, लॉन्ग जंप गर्ल्स में प्रथम तनु, द्वितीय सोनाली, तृतीय कीर्ति, हाई जंप बॉयज में प्रथम लकी, द्वितीय मंजीत, तृतीय कुशाल, लॉन्ग जंप बॉयज में प्रथम कुशाल, द्वितीय कुणाल, तृतीय मंजीत रहा।

## आरपीएस कॉलेज बलाना में तीन दिवसीय 8वां जोनल युवा महोत्सव झूमर होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस कॉलेज बलाना में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी कल्याण विभाग के सौजन्य से जोनल युवा महोत्सव झूमर 10, 11, 12 नवंबर के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि कुलपति प्रो. असीम मिगलानी व डिप्टी रजिस्ट्रार कॉलेज ब्रांच नवीन पिपलानी होंगे। कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव ने बताया कि 10, 11, 12 नवबंर को आरपीएस इंजि. कॉलेज बलाना के प्रांगण में धूमधाम से होगा। जिसमें अलग-अलग लगभग 46 इवेंट्स में 3000 के लगभग प्रतिभागी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में महेंद्रगढ़ जिले के इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेज भाग लेंगे। बता दें कि शनिवार को कॉलेज सेमिनार हाल में विश्वविद्यालय से डॉ. करण सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, डॉ. अदिति शर्मा, डॉयरेक्टर यूथ वेलफेयर डॉ. सुशांत यादव, असिसटेंट डॉयरेक्टर यूथ वेलफेयर, आरपीएस कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम को लेकर की गई तैयारियां।

यादव, कॉलेज डीन प्रो. राजेन्द्र सिंह यादव मौजूद रहकर सभी कॉलेज प्रिंसिपल व कॉलेज प्रभारियों को यूवा महोत्सव झूमर संबंधित विभिन्न जानकारी व दिशा निर्देश देकर कार्यक्रम सफल बनाने के सुझाव दिए। इस कार्यक्रम में सभी कॉलेजों का ड्रॉ डालकर टीम कोड दिए गए। कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव ने जानकारी देते हुए कहा इस तीन दिवसीय जोनल युवा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार 10 नवंबर को शुभारंभ होगा। कॉलेज परिसर विभिन्न स्थानों पर सात स्टेजों पर प्रतिभागी नियमानुसार, समयानुसार प्रतिभा का जज्बा दिखाएंगा।

**ये रहेंगे इवेंटस**

प्रथम दिन स्टेज 1 पर क्रोंयोग्राफी, माइम, क्लासिकल डांस, स्टेज 2 पर क्लासिकल वोकल सोलो, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट परकसन सोलो, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट नॉन-परकसन सोलो, रिट्यूअल, स्टेज 3 पर वेसर्टन इंस्ट्रूमेंट सोलो, वेसर्टन वोकल सोलो, वेसर्टन ग्रुप सोंग, स्टेज 4 पर पंजाबी पोइट्री, उर्दू पोइट्री, हिंदी पोइट्री, स्टेज 5 पर संस्कृत श्लोका उच्चारण, अंग्रेजी पोइट्री, हरियाणवी पोइट्री, स्टेज 6 पर क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, ऑन द स्पोट पेंटिग स्टेज 7 पर नुक्कड़ नाटक, दूसरे दिन स्टेज 1 पर स्कीटर, ओकेस्ट्रा, हरियाणवी स्टेंड अप कॉमेडी, साफा मेकिंग, वन एक्ट प्ले, मिमिक्री, स्टेज 3 पर ग्रुप सोंग इंडियन, ग्रुप सोंग हरियाणवी, हरियाणवी रागणी, स्टेज 4 पर संस्कृत डक्लेमेशन, स्टेज 5 पर एलोकेशन हिंदी, एलोकेशन अंग्रेजी, स्टेज 6 पर पोस्टर मेकिंग, कोलॉज, रंगोली, अंतिम दिन स्टेज 1 पर हरियाणवी सोलो डांस महिला व पुरुष, रैंप वॉक, क्वाली, फॉक डांस, स्टेज 2 पर क्विज, स्टेज 3 पर लाइट वोकल सोलो, स्टेज 5 पर डिबेट हिंदी, डिबेट अंग्रेजी, सॉर्ट फिल्म होंगे। इस कार्यक्रम में सभी कॉलेज प्रभारी शिक्षाविद्ध आमंत्रित रहेंगे।

## आरपीएस में सुपर 30 बैच के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में रविवार को सुपर 30 परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस परीक्षा के आधार पर विभिन्न संकायों में चयनित 120 बच्चों को आरपीएस स्टाफ द्वारा निःशुल्क पढ़ाई करवाई जाएगी। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉक्टर पवित्रा राव ने कहा कि इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य है उन सभी विद्यार्थियों को एक अच्छा प्लेटफार्म देने देना है जो परिवार की आर्थिक स्थिति के अभाव में अपनी प्रतिभा को नहीं निखार पाते। सीईओ मनीष राव ने बताया कि आरपीएस ग्रुप अभिभावकों के विश्वास पर पूर्ण रूप से कायम है। इसी का नतीजा है कि आज ग्रुप के बच्चे शिक्षा ही नहीं खेल, कला, कल्चरल, विभिन्न जिला



**महेंद्रगढ़।** परीक्षा देकर लौटते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता सहित अन्य हर क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य यहां आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को सर्वोत्तम शिक्षा उपलब्ध करवाना है, जिससे समाज के हर वर्ग के बच्चों का सपना पूरा हो। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए कक्षा 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट (मनिटीज) के विद्यार्थियों का चयन करना है। उक्त परीक्षा के आधार पर चयनित विद्यार्थियों को आरपीएस विद्यालय में 12वीं तक पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की परीक्षाओं की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था की जाएगी।

**सम्मान समारोह** अक्टूबर की आय-व्यय को कोषाध्यक्ष हरिराम खटाना ने रखा

# वीर गुर्जर विकास समिति की मासिक बैठक आयोजित, दानवीरों को किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

वीर गुर्जर विकास समिति लूजोता की मासिक बैठक नांगल चौधरी स्थित गुर्जर भवन में रविवार हुई। इसकी अध्यक्षता प्रधान प्रोफेसर रामनिवास चंदेला ने की। बैठक में गत माह भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई तथा निकट भविष्य में लाइब्रेरी स्थापित करने की चर्चा हुई। अक्टूबर महीने की आय-व्यय को कोषाध्यक्ष हरिराम खटाना ने उपस्थित सदस्यों के सामने रखा।

इस अवसर पर प्रधान प्रोफेसर रामनिवास चंदेला ने पनियाला मोड़ महापंचायत के सभी 11 बिंदुओं को ग्राम स्तर पर कठोरता से लागू करने पर जोर दिया। प्रधान



**नारनौल।** दानवीर को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

ने समाज में फैली हुई कुरीतियां को दूर करने के लिए समाज से आग्रह किया। महावीर पहलवान वासी बागोत, धर्मा पहलवान, खुशीराम ने अपने स्वर्गीय दादा बब्लू भूमला एवं दादी स्वर्गीय मोहरा देवी की याद में एक कमरा निर्माण की तयशुदा राशि एक लाख एक हज़ार रुपये वीर गुर्जर विकास समिति की कार्यकारिणी को भेंट की। महावीर पहलवान ने अपने संबोधन में प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी वीर गुर्जर विकास समिति नांगल चौधरी के कार्यों की प्रशंसा की तथा उनका आभार व्यक्त किया। इसी कड़ी में पूर्व सरपंच जगमाल सिंह ढाणी हरनाथ ने भी एक लाख ग्यारह हजार रुपये कमेटी को भेंट किए। वीर गुर्जर विकास समिति नांगल चौधरी के वर्तमान प्रधान रामनिवास चंदेला ने अपने पिता धंशीराम के सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर उनकी इच्छा से एक लाख एक हजार रुपये की राशि गुर्जर भवन के निर्माण के लिए गुर्जर विकास समिति की कार्यकारिणी को भेंट की। वीर गुर्जर विकास समिति की समस्त कार्यकारिणी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर मनोहर कैप्टन मारोली, हरिराम खटाना, रामशरण कसाना, रतिराम सरपंच, दाताराम गिरदावर, झाबरमल चंदेला, जगदीश थानेदार, रामावतार मास्टर, उदयभान गोठड़ी, मास्टर अमीलाल कसाना, दयाराम, धर्मपाल, ओमप्रकाश सूबेदार, रामसिंह भूमला, धर्मेंद्र, रणधीर चंदेला, जगमाल थानेदार, मास्टर श्योराम, मास्टर विक्रम, भागीरथ शास्त्री, महेश आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ 18 को

**रेवाड़ी।** सोलहराही सेक्टर-1 स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में 18 नवंबर मंगलवार को शाम को 5 बजे से सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर परिसर में 7 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी बिजेन्द्र भारद्वाज मेहंदीपुर बालाजी धाम वाले ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के मुख्य यजमान संदीप फौजी व मोनिका होंगे। कार्यक्रम में दिल्ली से गायक धर्मबीर फौजी व रेवाड़ी से गायिका दीपिका गुप्ता मनमोहक भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। मंदिर के संस्थापक भूपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में भक्तों के सहयोग से 28वें सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया जा रहा है।



### यादव कल्याण सभा के कैंप में 117 की जांच हुई

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉक्टरों की टीम ने कैंप में विभिन्न बीमारियों के 117 मरीजों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करके फ्री दवाइयां वितरित की। शिविर में डा. रवि राव ने मेडिसन, डा. आत्मप्रकाश यादव ने हड्डी रोग, डा. सुनील यादव ने सर्जरी, डा. गौतम यादव ने नेत्र रोग व डा. अनिल यादव ने दंत रोग के रोगियों की जांच कर उचित परामर्श दिया। इनके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव ने भी फिजियोथेरेपी में फ्री सेवाएं प्रदान की। कैंप के आयोजन में यादव सभा से जसवंत सिंह यादव, अमर सिंह, राम सिंह, शशिभूषण, सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव व गोकल राम ने सहयोग दिया।

### 'सेटिंग' के चलते आरटीए स्टाफ नहीं कस पा रहा शिकंजा

# आरटीए स्टाफ पर भारी पड़ रही सीएम फ्लाइंग, पकड़े जा रहे ओवरलोड वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसने में जहां आरटीए स्टाफ नाकाम साबित हो रहा है, वहीं सीएम फ्लाइंग का एक्शन शुरू होते ही ओवरलोड वाहन शिकंजे में फंस जाते हैं। ओवरलोड वाहनों पर सीएम फ्लाइंग का बार-बार एक्शन इस बात का प्रमाण है कि 'सेटिंग' के चलते आरटीए स्टाफ ऐसे वाहनों पर रोक लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है।

■ सीएम फ्लाइंग के एक्शन की सूचना भी हो जाती है लीक

इस नेशनल हाइवे के साथ-साथ जैसलमेर नेशनल हाइवे से भी बड़ी संख्या में खनन सामग्री से भरे हुए डंपर निकलते हैं। इन डंपरों में क्षमता से कई गुणा वजन भरा जाता है। अगर ट्रांसपोर्टर क्षमता के अनुसार सामग्री भरकर उसे गंतव्य तक पहुंचाते हैं, तो उनके लिए खर्च निकालना तक मुश्किल बन जाता है। ऐसे में ओवरलोडिंग ही वारे न्यारे करने का बड़ा जरिया साबित हो रहा है। चूंकि ओवरलोड वाहन सड़कों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए इन पर शिकंजा कसने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रिवेंशन ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट भी बनाया हुआ है। इस एक्ट के तहत ओवरलोड वाहन चालक के साथ-साथ उसके मालिक के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान है। लंबे समय से आरटीए स्टाफ की ओर से इस एक्ट के तहत कोई केस दर्ज नहीं कराया गया है। सूत्रों के अनुसार नेशनल हाइवे से रोजाना 2 हजार से अधिक डंपर निकलते हैं। इन्हें सुरक्षित निकालने के लिए हर माह लाखों रुपये की मंथली का खेल खेला जाता है। मंथली के इस खेल के चलते ही ओवरलोड डंपरों पर एक्शन के नाम पर खानापूर्ति ही की जाती है। जिन डंपर मालिकों की सेटिंग नहीं होती, उन्हें ही चेकिंग के दौरान कार्रवाई का शिकार बनाया जाता है।





रेवाड़ी। सीएम फ्लाइंग की ओर से पकड़े गए ओवरलोड वाहन। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करते हुए सीएम फ्लाइंग।

#### शिकायत मिलते ही एक्शन

हमें जब भी ओवरलोड वाहनों के बारे में शिकायत मिलती है, तुरंत चेकिंग करते हैं। चेकिंग के दौरान शुरूआत में वाहन पकड़े भी जाते हैं, परंतु बाद में ऐसे वाहनों को सुरक्षित ठिकानों पर रोक दिया जाता है। सीएम फ्लाइंग के एक्शन के दौरान बड़ी संख्या में ओवरलोड वाहन पकड़े जाते हैं। -**सत्येंद्र कुमार**, इंस्पेक्टर, सीएम फ्लाइंग।

#### दूसरे राज्य की सीमा में कार्रवाई करने का अधिकार नहीं

*सीएम फ्लाइंग की चेकिंग शुरू होने के बाद भी सूचना तुरंत लीक कर दी जाती है। इससे सीएम फ्लाइंग के हत्थे वह डंपर ही चढ़ पाते हैं, जो राजस्थान की सीमा पार कर चुके होते हैं। आरटीए ऑफिस में बैठे पैरोकार सीएम फ्लाइंग की चेकिंग सूचना तुरंत ट्रांसपोर्टरों तक पहुंचा देते हैं, जिससे ओवरलोड डंपरों को राजस्थान की सीमा में ही रोक दिया जाता है। दूसरे राज्य की सीमा में कार्रवाई करने का अधिकार सीएम फ्लाइंग को भी नहीं है।*

***एक घंटे की कार्रवाई में 11 पकड़े :*** *बीते शनिवार को सीएम फ्लाइंग ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे व नारनौल बाइपास पर चेकिंग शुरू की, तो करीब एक घंटे के अंतराल में 11 ओवरलोड वाहन पकड़े गए। इन वाहनों पर लगभग साढ़े 6 लाख रुपये जुर्माना किया गया। सूचना लीक होने के कारण ओवरलोड वाहन सड़कों से गायब हो गए। सीएम फ्लाइंग टीम काफी देर तक इंतजार करती रही, परंतु ओवरलोड वाहनों को राजस्थान की सीमा में ही रोक दिया गया।*

***टीम में एचकेआरएन के कर्मचारी :*** *ओवरलोड वाहनों पर एक्शन का अधिकार आरटीए सचिव कार्यालय के स्टाफ के पास है। स्टाफ की टीम जब भी चेकिंग की औपचारिकता पूरी करने के लिए सड़कों पर उतरती है, तो उसमें कार्यालय में एचकेआरएन के तहत लगे अस्थाई कर्मचारियों को शामिल किया जाता है।*



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित मेघवाल समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### मेघवाल उत्थान समिति

## रेवाड़ी ब्लॉक के प्रधान बने सुजान सिंह मेघवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

■ समाज कल्याण अधिकारी डा. गजराज सिंह मेघवंशी ने मेघवाल समाज के इतिहास पर प्रकाश डाला

रविवार को गांव बिठवाना में मेघवाल उत्थान समिति की ओर से सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता कमल सिंह मेघवाल ने की। इस मौके पर समिति के संरक्षक वेद प्रकाश रिटायर्ड एसडीओ व प्रधान सूरजभान मेघवाल ने कहा कि मेघवाल शब्द हमारी गौरवशाली पहचान है। इसे अपनाना ही नहीं, इसे गर्व के साथ आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। समिति के सलाहकार सुंदरलाल भटेड़िया ने कहा की यह केवल शब्द नहीं, हमारी अस्मिता है। समाज कल्याण अधिकारी डा. गजराज सिंह मेघवंशी ने मेघवाल समाज के इतिहास पर प्रकाश डाला। सभा का संचालन शिक्षाविद अशोक मेघवाल ने किया। इस मौके पर सुजान सिंह मेघवाल को रेवाड़ी ब्लॉक प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी गई। इस मौके पर महेंद्र सिंह झाझरिया जिला प्रभारी, जिला उप प्रधान जगदीश चौपड़ा, राहुल मेघवाल, सुधीर, सतबीर, शीशराम, ज्ञानीराम, सुभाष सुभाष चंद्र, हुकम चंद, मदन लाल, संदीप कुमार, राजपाल हेड मास्टर, राजेश कुमार धर्मवीर सिंह, राम भगत, रिटायर्ड सूबेदार मेजर बलबीर सिंह, सत्यनारायण, महिपाल फदनी, लालचंद फोरमैन अध्यक्ष, भूपेंद्र शेखपुर सचिव मेघवाल उत्थान समिति, दिनेश कुमार, दर्शन कुमार, सतीश कुमार, प्रेम, राजबाला, पूनम, वर्षा, महेश कुमार, किस्मता, रेखा, संतोष आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया जा रहा एक लाख तक ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

■ व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत जिले के लिए 2025-26 में 74 केसों का लक्ष्य रखा गया

हरियाणा सरकार ने महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से एक लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत जिले के लिए 2025-26 में 74 केसों का लक्ष्य रखा गया है। 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाली व हरियाणा की स्थाई निवासी महिला इस योजना के लिए पात्र होंगी। आवेदक के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है और आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर न हो। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जनरल श्रेणी की महिला को 10 हजार रुपये तथा अनुसूचित श्रेणी की महिला को 25 हजार रुपये अनुदान राशि दी जाएगी। योजना के तहत उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियां शामिल है।

# मानवता की रक्षा के लिए दी अपने प्राणों की आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें वार्षिक शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को आशियाना वृद्धाश्रम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट, श्रीराम शाखा भारत विकास परिषद तथा रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी सिटी ने किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज ने किया। स्वामी धर्मदेव ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। आज हम सभी उनके बलिदान को याद करते हुए रक्तदान के माध्यम से जीवनदान का संकल्प ले रहे हैं। शिविर में 65 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर में रक्तदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने इस नेक कार्य में योगदान दिया। अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।




सिख समाज के प्रतिनिधि सरदार कृपाल सिंह ने गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोत्तम बलिदान के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश राजपाल ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। किसी का जीवन बचाना ही सबसे बड़ा धर्म है। गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर इस आयोजन से हम सबको त्याग और सेवा की प्रेरणा मिलती है। श्रीराम शाखा के अध्यक्ष सीए जतिन सैनी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

### गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



*रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंद की चादर-गुरु तेग बहादुर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद प्रो सी एल सोनी, गुरूद्वारा श्री गुरु नानक सिंह सभा के प्रधान सरदार प्रीतपाल सिंह विग व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि औरंगजेब जबरन हिंदुओं के धर्म परिवर्तन कर मुसलमान बना रहा था। उसके जुल्म से तंग आकर कश्मीरी हिंदुओं का प्रतिनिधिमंडल प्रधान कृपाराम के नेतृत्व में गुरु तेग बहादुर जी से मिला। गुरु जी ने औरंगजेब को संदेश भेजा कि यदि गुरु तेग बहादुर धर्म बदल लेंगे तो सभी कश्मीरी हिंदू भी इस्लाम कबूल कर लेंगे। औरंगजेब ने उन्हें दिल्ली बुला भेजा। यहां उन्हें अमानवीय यातनाएं दी गई। उनके साथ आए सिखों को आरे से चिरवा दिया। रुई में लपेट कर मार दिया, लेकिन गुरुजी अपने निश्चय पर अटल रहे। अंततः 11 नवंबर 1675 को धर्म की खातिर गुरुजी शहीद हो गए। उनकी शहादत को आज पूरा हिंदुस्तान नमन कर रहा है। कार्यक्रम में प्रवक्ता देवेंद्र कुमार, हिमांशु, राहुल, सेवानिवृत पुलिस उप निरीक्षक राजाराम, सोनिया कपूर, ओजस्वी, पूर्वांशी, कपिल कपूर व सुदर्शन मेहंदीरत्ता सहित अनेक लोग मौजूद थे।*

### नाहड खंड सीपीएलओ यूनियन का गठन

**कोसली।** भारतीस मजदूर संघ के निर्देशानुसार कोसली सचिवालय परिसर में खंड नाहड़ की सीपीएलओ यानि क्रीड पंचायत लोकल ऑपरेटर यूनियन का गठन किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संजय यादव, उपाध्यक्ष पवन यादव, जिला सचिव रोहित, जिला सह-सचिव ललिता गुप्ता व जिला सह-कोषाध्यक्ष कपिल मौजूद थे। सर्वसम्मति से हुए चुनाव में रोहित शर्मा लिलोढ़ को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सरिता भाकली, सचिव मनोज भूरथला तथा दयावान कोसली को खजांची चुना गया। जिला अध्यक्ष संजय यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नवनियुक्त प्रधान रोहित शर्मा ने जिला इकाई का धन्यवाद किया। इस अवसर पर नरेश कुमार, सर्वजीत सिंह, रोहित, मनोज गुडियानी, शिव कुमार, संदीप, रोहित नाहड़ व राजवीर सहित अनेक सीपीएलओ उपस्थित थे।




रेवाड़ी। नाहड़ सीपीएलओ यूनियन के चुने गए प्रधान व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



### 'हारे के सहारे आजा, तेरा दास....

**कोसली।** कोसली में सांवरिया सेवा मित्र मंडल के ओर से आयोजित तीन दिवसीय चतुर्थ श्रीश्याम सेवा संकीर्तन महोत्सव का शनिवार रात रेलवे पार्क में समापन हो गया। इससे पूर्व शुक्रवार को हनुमान मंदिर से श्याम मंदिर तक निशान यात्रा निकाली गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि रवि चौहान व विशिष्ट अतिथि कुरुक्षेत्र के जिला नगर आयुक्त अमन कुमार थे। भजन गायक कलाकार साहिल शर्मा ने 'आएगा आएगा नीले घोड़े पर चढ़कर सांवरा आएगा, मेरा श्याम दयालु है, वह बड़ा कृपालु है, लाएगा खुशियां हजारों संग लाएगा', 'कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो सै, आज थाने आनो से थारो कोल भी निभाना सै', 'हार नहीं होगी हार नहीं होगी, यह तुझ पर भरोसा है, मेरी हार नहीं होगी, सांवरे जब तक तू मेरे साथ है, जब तक सांवरे का सिर पर हाथ है', 'हारे के सहारे आ जा, तेरा दास पुकारे आ जा ,हम तो खड़े तेरे द्वार, सुन ले करुण पुकार' जैसे अनेक भजनों से श्रृद्धालुओं को भावविभोर किया। इस मौके पर मन्गौरी सेवा समिति सदस्य समाजसेवी संदीप कुमार, देव भारद्वाज, सन्नी कुमार व बाबूलाल सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### कर्म, भक्ति, ज्ञान और योग तभी सिद्ध होते हैं, जब हम एकाग्र रहतेः जयपाल सिंह

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विवि के हिंदी विभाग में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत 'हिंदी साहित्य के परिप्रेक्ष्य में भक्ति एवं योगः एक विवेचना' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। विभाग की छात्राओं ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप तिलक लगाकर मुख्य वक्ता का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. जयपाल सिंह आईजीयू योग विभाग ने विद्यार्थियों को भक्ति एवं योग विषय के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को भक्तिकाल की विभिन्न धाराओं से जोड़कर भक्ति और योग के सामंजस्य से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कर्म, भक्ति, ज्ञान और योग तभी सिद्ध होते हैं, जब हम एकाग्र रहते हैं। एकाग्रता के बिना सफलता नहीं मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को विपरीत परिस्थितियों में धैर्य रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डा. मंजू पुरी ने किया।



रेवाड़ी। मुख्य वक्ता को पौधा भेंट करते हुए आयोजक।

### डिजिटल पोर्टल से जुड़ें युवा : डीसी

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने आमजन केंद्र और राज्य सरकार की ओर से बनाए गए डिजिटल पोर्टल से जुड़कर सरकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी प्राप्त करें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।



डीसी ने कहा कि अब सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए पारंपरिक माध्यमों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किए हैं जो न केवल योजनाओं की जानकारी देते हैं, बल्कि नागरिकों को नीति निर्माण और संवाद का अवसर भी प्रदान करते हैं। इनमें सबसे प्रमुख माईजीओवी है, जो नागरिकों को सरकार के साथ जोड़कर गुड गवर्नेंस में भागीदारी सुनिश्चित करता है, जिसमें लोग चर्चा, सर्वे, पोल, क्विज और ऑन-ग्राउंड गतिविधियों में हिस्सा ले सकते हैं। माईजीओवी की मजबूत सोशल मीडिया मौजूदगी भी है और यह ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब व भारतीय प्लेटफॉर्म जैसे कू, शेयरचैट, चिंगारी व रोपोसो पर सक्रिय है। माई भारत युवाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और समाज में योगदान का अवसर देता है, जबकि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पोर्टल युवाओं को व्यावहारिक अनुभव और कौशल विकास के जरिए करियर निर्माण में मदद करता है। डीसी ने कहा कि ये प्लेटफॉर्म युवाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और नीति निर्माण में योगदान देने का बेहतरीन अवसर दे रहे हैं।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रीय लीगल सर्विसेज-डे पर जागरूकता शिविर संपन्न

**रेवाड़ी।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय लीगल सर्विसेज-डे के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या डा. नम्रता सचदेवा ने की तथा लीगल लिटरेसी सेल स्कूल इकाई की इंचार्ज मंजूलता प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में बबीता प्रवक्ता इतिहास ने सहयोग दिया। इस अवसर पर छात्रों के लिए कार्यशाला, क्विज, नाटक एवं समूह चर्चा जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से मौलिक अधिकार, कानूनी सहायता, बाल संरक्षण, पॉक्सो अधिनियम, नागरिक जिम्मेदारियों एवं सामाजिक न्याय के महत्व को प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डा. सचदेवा ने कहा कि समाज में कानूनी जागरूकता का प्रसार तभी संभव है, जब हम स्कूल स्तर से ही बच्चों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों से परिचित कराएं। कार्यक्रम में सभी शिक्षक स्टाफ मौजूद रहा।

## सुरेन्द्र मोरवाल बने धानक समाज जाटूसाना ब्लॉक कमेटी के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रविवार को धानक समाज जाटूसाना ब्लॉक की मीटिंग धानक धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रगबीर सिंह ने की तथा संचालन प्रवक्ता बालयोगेश्वर ने किया। मीटिंग में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर समिति के प्रधान वेदप्रकाश बनवाल, महासचिव दयाराम मोरवाल, ओमप्रकाश डाबला, जेई रामनिवास, रवि प्रकाश इंदौरा, रामोतार नाहड़, रामौतार पचेरवाल, विजय सिंह इंदौरा, टीनू प्रधान, सुभाष सोलंकी, विजय डाबला, भूप सिंह खरेरा, रामकिशन सूबेदार, सुरेंद्र मोरवाल, दयानंद आर्य, टीनू प्रधान सुरेंद्र धानक, राजेश खनगवाल, मुकेश कुमार प्रधान नाहड ब्लॉक, धर्मेंद्र कुमार प्रधान खोल ब्लॉक व गुलशन कुमार प्रधान डहीना ब्लॉक ने अपने विचार रखे। मीटिंग में समाज को नशे की बुराई से दूर रखने का प्रयास करने तथा शिक्षा के प्रति समाज के लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के बच्चों के लिए कोचिंग की व्यवस्था भी जल्द की जाएगी। इस मौके पर समाज को मृत्यु भोज को बंद करने के बारे में भी जागरूक किया गया।



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित धानक समाज के लोग।

#### ब्लॉक कमेटी का गठन

इस मौके पर धानक समाज की जाटूसाना ब्लॉक की कमेटी का गठन किया गया, जिसमे सुरेंद्र मोरवाल को प्रधान, गोविन्द कुमार कन्होरा, सुशील कुमार हालुहेड़ा व मुकेश कुमार मूसेपुर को उप-प्रधान, सलिल मोरवाल को महासचिव, धर्मपाल बालधन कलां को सह सचिव, प्रभाती लाल बिहारीपुर को कोषाध्यक्ष, रामदेव कन्हौरी को सह कोषाध्यक्ष, भूपेन्द्र मोरवाल को प्रेस सचिव, समन्वयक सूरजभान कन्होरा व रोशनलाल, संरक्षक राम सिंह व सुरेन्द्र मोरवाल तथा शशि कुमार, रोशनलाल मोरवाल व शशि मोरवाल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर दलीप डाबला, देशराज डाबला, संदीप सोलंकी, राकेश सोलंकी, प्रकाशचंद खनगवाल, अशोक कुमार मसीत, सुरेंद्र कंवाली, सुरेंद्र धानक गोलियाकी,प्रेमप्रकाश, रामकिशन, धर्मपाल सुठानी, सूरज, नफेसिंह, बलवान व रवि कुमार उपस्थित थे।

## रेवाड़ी की ऐतिहासिक धरोहरों को देखकर रोमांचित हुए पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा सरकार के म्यूजियम एंड आर्कियोलॉजी विभाग व अहीरवाल हेरिटेज के तत्वावधान में राव तुलाराम चेयर, हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग व इतिहास विभाग इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के सहयोग से जिले में हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। अहीरवाल हेरिटेज से मुकेश सुल्तानिया, होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग से डा. नवनीत व इतिहास विभाग से डा.बीरेंद्र सिंह ने हेरिटेज वॉक का नेतृत्व किया। वॉक में दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम से पर्यटकों ने भाग लिया। पर्यटकों ने सोलहराही सरोवर, बड़ा तालाब, लोको शेड तथा मीरपुर स्थित राव तेज सिंह की हवेली का भ्रमण किया और ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासतों की जानकारी ली। इस अवसर पर डीईएसए से असिस्टेंट रिसर्च ऑफिसर मंगेश कुमार, थिएटर कलाकार राकेश कुमार, सेवानिवृत्त हेड मास्टर उदयराज, निखिल, शुभम व सहायक प्रो. सुशांत यादव उपस्थित थे।



## सीएम से अस्पताल संघर्ष समिति की बातचीत कल, नायब के जवाब पर टिकी रहेंगी निगाहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रामगढ़ भगवानपुर में 200 बेड के अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन निर्णायक मोड़ की ओर जाने लगा है। अस्पताल को शहर में ही रखने की समानांतर मांग शुरू होने के बाद संघर्ष समिति के साथ सीएम की 11 नवंबर को संभावित मीटिंग पर दिग्गजों की निगाहें भी टिक चुकी हैं। रामगढ़ भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जहां राव और उनकी बेटी आरती पर जमकर निशाना साधा, तो शहर में ही अस्पताल रखने की मांग उठाने पर नगर परिषद चेयरमैन पूनम यादव को भी निशाने पर रखा। जून माह में शुरू किए गए धरने ने रविवार को 146वें दिन में प्रवेश कर लिया। क्रमिक अनशन भी शुरू कर दिया गया है। रविवार को एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत करते हुए संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि रामगढ़ भगवानपुर की पंचायत ने प्रदेश सरकार को वाटर वर्क्स के लिए 10 एकड़ जमीन सरकार के नाम कराई थी, ताकि शहर के लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिल सके। राव इंद्रजीत सिंह ने आश्वासन दिया था कि पेयजल के जमीन देने पर गांव में सरकारी अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा।



रेवाड़ी। प्रेसवार्ता करते हुए समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### सीएम के रुख पर बहुत कुछ निर्भर

आंदोलन के बीच एक बार हुई महापंचायत में बाहर से आए कुछ लोगों ने केंद्रीय मंत्री और उनकी बेटी के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। राव ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। इसके बाद ही उन्होंने रामगढ़ भगवानपुर में अस्पताल निर्माण की संभावनाओं को भी अपनी ओर से खारिज कर दिया था। ऐसे में सीएम नायब सिंह अगर 11 नवंबर को आंदोलनकारी ग्रामीणों को अस्पताल निर्माण का भरोसा दिलाते हैं, तो यह राव इंद्रजीत सिंह और उनकी बेटी आरती राव के लिए बड़ा राजनीतिक झटका साबित हो सकता है। इस मौके पर कॉमरेड राजेन्द्र सिंह, कैलाश चंद, शेरसिंह, रिटायर्ड ईओ मनोज यादव, ओमप्रकाश सैन, बिरेन्द्र सिंह फौजी व हनुमंत सिंह मौजूद थे।